# युवा संगम में 102 युवाओं को ऑफर लेटर

## स्वरोजगार के लिए 18 लाख का कैश क्रेडिट लिमिट चेक एवं 5 लाख का ऋण दिया




**मंदसौर. जिला रोजगार अधिकारी मुकेश मौर्य द्वारा बताया गया कि जिला रोजगार कार्यालय मंदसौर द्वारा युवा संगम शासकीय आईटीआई निपानिया मेघराज नयाखेडा बायपास मंदसौर में आयोजित किया गया.**

कार्यक्रम का शुभारंभ आईटीआई में वृक्षारोपण के साथ किया गया. युवा संगम में जिला पंचायत अध्यक्ष दुर्गा विजय पाटीदार, नगरपालिका अध्यक्ष रमादेवी बंशीलाल गुर्जर, एलडीएम संजय मोदी एवं जिला रोजगार अधिकारी, बैंकर्स, युवा मौजूद थे. युवा संगम में उपस्थित 8 कंपनियों द्वारा कुल 250 रिक्त पदों पर भर्ती हेतु आवेदन लिए गए.

198 युवाओं ने रोजगार हेतु आवेदन किया. पंजीकृत आवेदकों में से कंपनीयों द्वारा 102 युवाओं को ऑफर लेटर प्रदान किया गया.

> अप्रेंटिशिप हेतु उपस्थित 1 कंपनी द्वारा कुल 27 प्रशिक्षुओ का चयन किया गया. साथ ही अन्य शासकीय विभाग की स्वरोजगार योजनान्तर्गत ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा स्वरोजगार हेतु 18 लाख का कैश क्रेडिट लिमिट चेक लाभार्थी को वितरित किये गए एवं जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र द्वारा युवा उद्यम क्रांति योजनांतर्गत कुल 5 लाख का ऋण वितरण किया गया.

- 198 युवाओं ने रोजगार के लिए आवेदन किया
- कंपनियों द्वारा कुल 250 रिक्त पदों पर भर्ती के लिए आवेदन



# चूल्ही से बढ़ौरा शिव मंदिर पहुंच मार्ग के उड़े परखच्चे

**सेमरिया 15 जुलाई. सेमरिया क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत चूल्ही में पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा पूर्व में डामरीकरण सडक़ का निर्माण कराया था लेकिन अब यह सडक़ पूरी तरह से गड्ढों में तब्दील हो गया है.**

इस समय श्रावण मास चल रहा है जहां सेमरिया क्षेत्र के सैकड़ो गांव के शिव भक्त इसी चूल्ही से बढ़ौरा शिव मंदिर पहुंच रहे हैं. चूल्ही बढ़ौरा पहुंच मार्ग की सडक़ की हालत बहुत खराब है. ग्रामीण से मिली जानकारी के मुताबिक पीडब्ल्यूडी विभाग ने इस सडक़ का निर्माण कराया था लेकिन सडक़ निर्माण के कुछ माह बाद ही सडक़ की गुणवत्ता में लापरवाही के कारण सडक़ जगह-जगह से टूट गई. बरसात के बाद पीडब्ल्यूडी की यह सडक़ें गड्ढों में तब्दील हो गई हैं.

चूल्ही और बढ़ौरा शिव मंदिर मार्ग की सडक़ की हालत दयनीय होती जा रही है. स्थानीय निवासियों ने पीडब्ल्यूडी विभाग से मांग की है कि जल्द से जल्द इस सडक़ का निर्माण कार्य करवाया जाए. क्योंकि बारिश का दौर शुरू होते ही यह सडक़ पूरी तरह से गड्ढों में तब्दील हो चुकी है. जिसके चलते वाहनो की आवाजाही में दिक्कतें खड़ी हो गई हैं.

### इनका कहना है

ग्राम पंचायत चूल्ही से पहुंच मार्ग बढ़ौरा शिव मंदिर तक सडक़ गड्ढों में तब्दील है. विभागीय अधिकारी से अपील कि है कि इस सडक़ को बनवाया जाए ताकि आमजन मानस को आने जाने में किसी प्रकार की दिक्कत ना हो.

**कृष्ण कुमार गुप्ता,**
उपाध्यक्ष मंडल सेमरिया

श्रावण मास को लेकर यहीं से सेमरिया क्षेत्र के करीब सैकड़ो गांव के लोग आते जाते हैं और यह सडक़ गड्ढों में तब्दील है. इस बात की जानकारी विभागीय अधिकारी को देखकर बनवाने का प्रयास करूंगी.

**सरस्वती बहेलिया,**
जिला पंचायत सदस्य

# रेलवे का सुरक्षित परिचालन हमारी प्राथमिकता

## रेल महाप्रबंधक ने अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक

**नवभारत रिपोर्टर**

**भोपाल, 15 जुलाई. पमरे महाप्रबंधक शोभना बंदोपाध्याय की अध्यक्षता में को-आर्डिनेशन रिव्यु मीटिंग मंगलवार को सम्पन्न हुई.**

बैठक में सेफ्टी तथा तीनों मंडलों में चलाये जा रहे विशेष संरक्षा सम्बन्धी अभियानों, पंक्चु वेलिटी, रेलगाड़ियों के सुरक्षित परिचालन पर जोर देने पर बात हुई. इसके साथ ही अधोसरंचनात्मक कार्यों की समीक्षा, रेल मदद, माल ढुलाई से आय की वृद्धि, रिवेन्यू एवं कैपेक्स जैसे अनेक विषयों पर विचार-विमर्श किया गया.



महाप्रबंधक ने पश्चिम मध्य रेलवे में चल रही रेल परियोजनाओं और अन्य विकासात्मक अधोसरंचना कार्यों पर विस्तार से चर्चा की साथ ही निर्माण कार्यो में तेजी लाने और समयसीमा में पूर्ण करने हेतु आवश्यक निर्देश दिए. महाप्रबंधक ने कहा कि संरक्षा पश्चिम मध्य रेलवे की प्राथमिकता हैं. उन्होंने ने संरक्षा एवं सुरक्षा के सम्बन्ध में रेलवे बोर्ड द्वारा निर्धारित निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने संरक्षा से सम्बंधित सुधारों को योजनाबद्ध तरीके से पालन करने के लिए निर्देशित किया. रेलपथों, वेल्डों के अनुरक्षण मानकों को बेहतर बनाने तथा मानसून के तहत संरक्षा के मानकों के दिशा-निर्देशों का पालन करने के निर्देश दिए.

> मीटिंग के दौरान महाप्रबंधक ने पैसेंजर, गुड्स (लोडिंग) तथा संड्री (नॉन फेयर रिवेन्यू) आय की समीक्षा करते हुए कहा कि ओरजिनेटिंग रेवन्यू बढ़ाने की दिशा में कारगर उपायों पर ध्यान दिये जाने की आवश्यकता है. साथ ही यात्री सुविधाओं के तहत रेल मदद एनालिसिस पर विशेष जोर देने की जरुरत है. उन्होंने मंडलों को निर्देश दिए कि वे रेलगाड़ियों के सुरक्षित परिचालन के लिए संरक्षा अभियानों का अनुपालन सुनिश्चित करें और जहां भी जरूरी हो वहां कर्मचारियों को परामर्श दें. उन्होंने कहा कि सिग्नलों, रेल फ्रेक्चरों और रेल वेल्डों की व्यापक निगरानी की जानी चाहिए.

# फर्जी दस्तावेज़ों से 70 लाख का लोन लेने वाले दो गिरफ्तार

**इंदौर, 15 जुलाई. शहर में फर्जी दस्तावेज़ों के आधार पर बैंक खाता खुलवाकर पर्सनल और वाहन लोन लेने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है. पूछताछ में चौंकाने वाले खुलासे हुए हैं— ऐसी फर्जीवाड़ा करने वाली गैंग अन्य राज्यों में भी सक्रिय है.**

गिरफ्तार आरोपी उत्तर प्रदेश के रहने वाले हैं. नोएडा निवासी रवि पाल और मेरठ निवासी देवेंद्र सिंह ने एक प्रतिष्ठित कंपनी की फर्जी सैलरी स्लिप और पैन कार्ड बनवाकर निजी बैंकों से करीब 70 लाख रुपए के लोन लिए. ये आरोपी लोन की राशि चुकाए बिना फरार हो गए थे.

- फर्जीवाड़ा करने वाला गिरोह अन्य राज्यों में भी सक्रिय

निजी बैंक की शिकायत के बाद इंदौर पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार किया. पूछताछ में आरोपियों ने कबूल किया कि उन्होंने यह तरीका दूसरों से सीखकर अपनाया था. पुलिस अब यह भी जांच कर रही है कि इस गैंग के तार और किन राज्यों से जुड़े हैं. एडिशनल डीसीपी अमरेंद्र सिंह ने बताया कि फिलहाल आरोपियों से पूछताछ जारी है और तकनीकी जांच के ज़रिए पूरे नेटवर्क का पता लगाया जा रहा है.

# ऑनलाइन गेमिंग एप से लाखों की ठगी

**अनूपपुर,15 जुलाई. अनूपपुर जलि की पुलिस ने एक अंतरराज्यीय ठग गिरोह का पर्दाफाश किया है, जो नकली ऑनलाइन खेल एप के माध्यम से लोगों को करोड़पति बनाने का झांसा देकर ठगी कर रहा था.**

पुलिस ने सात आरोपियों को गिरफ़्तार किया है और उनके पास से नगद राशि, तेरह मोबाइल फ़ोन, चालीस बैंक पासबुक, पचपन एटीएम कार्ड, सिम कार्ड, टैबलेट और अन्य डिजिटल उपकरण बरामद किए हैं. गिरोह ग्यारह एक्स खेलो और माई फ़ेयर खेलो जैसे नकली एप के ज़रिए भोले-भाले लोगों को निवेश के बदले पैसा दुगना-तिगुना करने का लालच देता था. पूरे मामले की



जड़ इंदौर में मिली, जहाँ के प्लैटिनम पैराडाइज कॉलोनी स्थित एक फ्लैट से यह नेटवर्क संचालित हो रहा था.

शुरुआती गिरफ़्तारी कोतमा नगर से हुई, जहाँ दो आरोपियों को पकड़ा गया. पूछताछ में मिले सुरागों के आधार पर पुलिस टीम इंदौर भेजी गई, जहाँ पाँच और लोगों को गिरफ़्तार किया गया. सभी आरोपी पहले महादेव सट्टा एप में काम कर चुके हैं और वहीं से उन्हें ठगी की तरकीबें मिलीं.

ठग पहले कुछ लोगों को मामूली लाभ दिलाकर उनका विश्वास जीतते थे और फिर बड़ी रकम निवेश कराकर फ़रार हो जाते थे.

# कार में आए बदमाशों की फायरिंग से दो घायल


**सीधी. जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक -39 के कठउतहा में कार में आए बदमाशों की फायरिंग से दो युवक घायल हो गए. घायलों को तत्काल पुलिस ने नजदीकी चुरहट अस्पताल में भर्ती कराया. घटना के बाद समूचे इलाके में सनसनी फ़ैल गई.**

मिली जानकारी के अनुसार चुरहट थाना क्षेत्र के ग्राम कठउतहा में आज दोपहर करीब 3 बजे फोटोशूट करा रहे आशुतोष पाण्डेय और आशीष गौतम पर कार से आए बदमाशों ने हमला किया.घटना के समय आशुतोष पाण्डेय और आशीष गौतम अपने दो अन्य साथियों के साथ फोटोशूट के लिए कैमरामैन को बुलाकर हाईवे किनारे खड़े थे. कार से उतरे पांच बदमाशों ने पहले आशीष गौतम के साथ मारपीट की. फिर फायरिंग कर दी. इस फायरिंग में गोली बाइक में लगी. हमले में दो लोग घायल हुए. घटना पुराने विवाद का नतीजा बताया गया. कुछ दिन पहले ग्राम बदवार के एक ढाबे में आरोपी राहुल द्विवेदी का कुछ लोगों से विवाद हुआ था. राहुल को शक था कि ढाबे पर झगड़ा आशुतोष की वजह से हुआ. इसी रंजिश में उसने अपने साथियों के साथ हमला किया.

# झाबुआ में लैप्रोस्कोपिक एपेंडेक्टोमी

**झाबुआ. जिला चिकित्सालय झाबुआ में चिकित्सा सेवाओं के क्षेत्र में एक उल्लेखनीय उपलब्धि दर्ज की है. यहां पहली बार अत्याधुनिक लैप्रोस्कोपिक तकनीक के माध्यम से एपेंडिक्स निष्कासन की शल्यक्रिया सफलतापूर्वक पूर्ण की गई**

. यह जटिल शल्यक्रिया 18 वर्षीय लक्ष्मी पिता उदयसिंह निवासी थांदला जिला झाबुआ की की गई, जो लंबे समय से तीव्र उदर पीड़ा से ग्रसित थी. संपूर्ण प्रक्रिया डॉ. दीपक राठौर (सर्जन), डॉ. देवेंद्र भायल (सर्जन), डॉ. सावन चौहान (एनेस्थेटिस्ट) एवं ऑपरेशन थिएटर टीम के समन्वित प्रयासों से लगभग 2 घंटे 30 मिनट में पूर्ण की गई.



लैप्रोस्कोपिक शल्यक्रिया आधुनिक चिकित्सा पद्धति का एक महत्वपूर्ण अंग है. जिसमें परंपरागत ओपन सर्जरी की अपेक्षा कम चीरे के माध्यम से शल्यक्रिया की जाती है जिससे रोगी को कम पीड़ा होती है, संक्रमण की संभावना न्यूनतम रहती है और स्वास्थ्य लाभ शीघ्र होता है. इस ऐतिहासिक पहल से न केवल जिला अस्पताल झाबुआ की स्वास्थ्य सेवाओं को नया आयाम मिला है. अपितु भविष्य में भी यहां उच्च स्तरीय शल्यक्रियाओं की संभावनाओं के द्वार खुल गए हैं.

## ऊर्जा मंत्रियों की बैठक में तोमर ने नवाचारों से कराया अवगत

**भोपाल.** केन्द्रीय विद्युत मंत्रालय द्वारा विद्युत वितरण कम्पनियों की वित्तीय स्थिरता से संबंधित मुद्दों को हल करने के लिये मंत्री समूह की बैठक मंगलवार को नई दिल्ली में सम्पन्न हुई. बैठक की अध्यक्षता विद्युत एवं आवास तथा शहरी मामलों के राज्य मंत्री श्रीपद नाइक ने की. बैठक में ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने मप्र नियामक आयोग द्वारा बिजली उपभोक्ताओं के हित में लिये जा रहे निर्णयों के बारे में जानकारी दी. उन्होंने प्रदेश में ऊर्जा विभाग द्वारा किये जा रहे नवाचारों से भी अवगत कराया. बैठक में विद्युत वितरण कम्पनियों की वित्तीय स्थिरता, पारदर्शिता एवं संचालन क्षमता को सुदृढ़ बनाने पर गहन चर्चा हुई.

# 15 हजार की रिश्वत लेते एजीपी गिरफ्तार

## अपील प्रार्थी के पक्ष में बनाने मांगी थी घूस

**जबलपुर. 2022 में दर्ज अपराध में दोषमुक्त हुए आरोपी के मामले में प्रार्थी के पक्ष में अपील बनाने के लिए 15 हजार रूपए की रिश्वत लेने वाली अतिरिक्त लोक अभियोजक जिला न्यायालय जिला जबलपुर में पदस्थ अतिरिक्त लोकअभियोजक कुक्कू दत्त पिता स्वर्गीय डी दत्त 59 वर्ष को लोकायुक्त ने सिविल लाइन से रंगे हाथों धरदबोचा.**

अचानक हुई कार्रवाई से हडक़ंप मच गया. लोकायुक्त ने भ्रष्टाचार का मामला दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है. उप पुलिस अधीक्षक नीतू त्रिपाठी ने बताया कि बिहारी लाल रजक पिता स्वर्गीय नर्मदा प्रसाद रजक निवासी सिविल लाइन जबलपुर ने लोकायुक्त में शिकायत दर्ज कराई थी कि वर्ष 2022 में एक अपराध पंजीकृत करवाया था, जिसका विचारण पूर्ण होकर उस प्रकरण में आरोपी बेगुनाह साबित हो चुके थे, उक्त प्रकरण में पैरवी कुक्कू दत्त ने की थी.

आरोपी के दोषमुक्त हो जाने से शासन की तरफ से अपील के लिए कुक्कू दत्त को आदेश प्राप्त हुए थे, जिसकी अपील प्रार्थी के पक्ष में बनाने के लिए अतिरिक्त लोक अभियोजक कुक्कू दत्त द्वारा उससे 15000 की रिश्वत मांगी की जा रही है. अचानक हुई लोकायुक्त की कार्रवाई से हडक़ंप मचा रहा.

> लोकायुक्त ने योजना के मुताबिक रिश्वत की रकम के साथ शिकायतकर्ता बिहारी लाल रजक को अतिरिक्त लोक अभियोजक कुक्कू दत्त पिता स्वर्गीय डी .दत्त 59 वर्ष के घर सिविल लाइन भेजा. जैसे ही आरोपिया ने रिश्वत ली, वैसे लोकायुक्त ट्रेप दल प्रभारी उप पुलिस अधीक्षक नीतू त्रिपाठी, निरीक्षक शशि मर्सकोले, निरीक्षक रेखा प्रजापति, निरीक्षक नरेश बेहरा एवं लोकायुक्त जबलपुर के दल ने उन्हें धरदबोचा. आरोपियों को दबोचने के बाद टीम उसे सर्किट हाउस नंबर दो पर ले गई, जहां आरोपिया के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किया गया.

## किसान योजना सैचुरेशन के लिए चलेगा अभियान

**भोपाल.** आयुक्त भू-अभिलेख ने बताया है कि पीएम किसान योजना सैचुरेशन के लिये प्रदेश में अभियान चलाया जाएगा, जिसमें अधिक से अधिक किसानों से संपर्क कर सेचुरेशन से शेष रह गए किसानों से कार्यवाही पूर्ण कराई जाएगी और लाभ वितरण सुनिश्चित किया जाएगा. अभियान के बेहतर संचालन के लिये तैयारियां प्रारंभ कर दी गई है. प्रदेश में लगभग 5 लाख किसानों द्वारा ई-केवायसी एवं आधार बैंक खाता डीबीटी के लिये इनेवल करने की कार्यवाही कर ली गई है. योजना में 20 लाख से अधिक किसानों द्वारा फार्मर रजिस्ट्री बनाए जाने की कार्यवाही की जाना प्रस्तावित है. उल्लेखनीय है कि पात्र कृषक परिवारों को वर्ष में 6 हजार रूपये मिलते हैं.

# इंदौर बना फर्जी समग्र आईडी का हब

**इंदौर. फर्जी समग्र आईडी को लेकर कांग्रेस ने बड़ा आरोप लगाते हुए भाजपा सरकार की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े किए हैं. कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा ने दावा किया कि प्रदेश में 7.21 लाख फर्जी समग्र आईडी बनाई गई हैं, जिनमें से अकेले इंदौर में 6.64 लाख फर्जी आईडी शामिल हैं.**

वर्मा ने कहा, इंदौर अब सिर्फ सफाई में नहीं, फर्जीवाड़े में भी नंबर वन हो गया है. उन्होंने डामर पेचवर्क, सीवरेज और अब समग्र आईडी घोटाले को उजागर करते हुए नगर निगम प्रशासन को कठघरे में खड़ा किया. उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि बिहार, महाराष्ट्र और कर्नाटक में फर्जी वोट डाले गए हैं और देशभर में यह



आईडी रैकेट सक्रिय है. वर्मा ने इस पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है.

पूर्व कलेक्टर मनीष सिंह के कार्यकाल में भी वन नेशन-वन राशन कार्ड योजना के तहत 13,502 फर्जी परिवारों की समग्र आईडी और राशन कार्ड बंद किए गए थे.

## नशामुक्ति सामाजिक भागीदारी से ही संभव

**भोपाल.** सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन कल्याण मंत्री नारायण सिंह कुशवाहा ने मध्यप्रदेश में 30 जुलाई तक चलाये जा रहे नशे से दूरी है जरूरी, अभियान में प्रदेशवासियों से अपील की है कि नशा एक सामाजिक बुराई है. नशामुक्त समाज का निर्माण सामाजिक भागीदारी से ही संभव होगा. मंत्री कुशवाहा ने कहा कि नशा न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि पारिवारिक और सामाजिक ताने-बाने को भी कमजोर करता है. इस अभिशाप को जड़ से समाप्त करने के लिए समाज के हर वर्ग को एकजुट होकर कार्य करना होगा. कुशवाहा ने जन-प्रतिनिधियों, स्वयंसेवी संगठनों और युवाओं से भी आह्वान किया कि वे नशामुक्ति को जनांदोलन का रूप दें.

**कार्रवाई** ▶ हमराह फोर्स और पंचान की मदद से की युवक की घेराबंदी, युवक निकला राजस्थान का

# पुलिस ने सहायता केंद्र से पकड़ी सवा दो लाख की ड्रग

**रतलाम. बिलपांक थाना पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ एमडीएमए कुल वजनी 72 ग्राम कीमती करीबन 2 लाख 10 हजार रुपये की जब्त की हैं.**

प्रभारी अय्युब खान के नेतृत्व में थाना बिलपांक की टीम बनाकर अवैध शराब परिवहन में संलिप्त संदिग्ध लोगों की जानकारी प्राप्त करने हेतु मुखबिर तंत्र सक्रिय किए गए. पुलिस के अनुसार सोमवार को उनि.दिनेश राठौर को बिरमावल चौकी पर विश्वसनीय मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति जिसने हल्की फिरोजी रंग की टीशर्ट व नीले रंग का लोवर



पहना हुआ होकर रंग गोरा एवं दुबला पतला है जिसके पास अवैध मादक पदार्थ एमडीएमए है जो पुलिस सहायता केन्द्र सातरुण्डा के पास खडा होकर कही जाने वाला है. यदि तत्काल दबिश दी जाने पर उसे एमडीएमए सहित पकडा जा सकता है देर करने पर उसके निकल जाने की पूर्ण संभावना है. मुखबीर से प्राप्त सूचना के आधार पर सातरुण्डा पर मुखबिर के बताए हुलिए का व्यक्ति दिखाई दिया. जो पुलिस को देखकर वहा से जल्दी जल्दी जाने लगा. जिस पर पूर्ण शंका होने से हमराह फोर्स व पंचान की मदद से घेराबंदी कर रोककर नाम पता पूछते उसने अपना नाम सुरेश पिता किसनाराम बिश्नोई उम्र 32 साल निवासी ग्राम पुर तहसील सांचोर जिला जालोर राजस्थान का होना बताया.

> संदेही सुरेश बिश्नोई की तलाशी लेते उसके द्वारा पहनी हुई लोवर पेंट की दाहिनी जेब के अंदर एक सफेद पारदर्शी प्लास्टिक की थैली में 72 ग्राम अवैध मादक पदार्थ मैडम मिला जिसे विधिवत जप्त किया गया. उक्त मादक पदार्थ एमडीएमए को अपने पास रखने व लाने ले जाने के संबंध में वैध लायसेंस कागजात आदि का पूछते नही होना बताया. आरोपी सुरेश पिता किसनाराम बिश्नोई का कृत्य धारा 8/22 एन.डी.पी.एस. एक्ट के तहत दण्डनीय अपराध होने से आरोपी सुरेश बिश्नोई को उसके गिरफ्तार किया गया. आरोपी सुरेश बिश्नोई के विरूद्ध पृथक से धारा 8/22 एन.डी.पी.एस. एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया .आरोपी को पी.आर. लेकर आरोपी से उक्त अवैध मादक पदार्थ कहा से लाने व किसे बेचने के संबंध में पूछताछ की जा रही है .

# डीआरएम ऑफिस, मेट्रो स्टेशन का जायजा

## प्रबंध संचालक ने समय पर काम पूरा करने के दिए निर्देश

**नवभारत रिपोर्टर**

**भोपाल, 15 जुलाई. मेट्रो भोपाल प्रायोरिटी कॉरिडोर के तहत मंगलवार को निरीक्षण किया गया. प्रबंध संचालक एस. कृष्ण चैतन्य ने एम्स, अलकापुरी, डी.आर.एम ऑफिस और रानी कमलापति मेट्रो स्टेशन का अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया गया.**

इस दौरान उन्होंने सिविल और सिस्टम कान्ट्रेक्टर से स्टेशन पर विभिन्न सिस्टम रूम्स की प्रगति की विस्तृत जानकारी ली. साथ ही उन्होंने मेट्रो अधिकारियों, कन्सल्टन्ट व कान्ट्रैक्टर के साथ कार्यों की प्रगति संबंधित जानकारी लेते हुए समय पर काम



पूरा होने के निर्देश भी दिए.

प्रबंध संचालक ने साथ ही प्रत्येक स्टेशन मे बन रहे पम्प रूम का भी निरीक्षण किया. स्टेशन स्थल निरीक्षण मे मुख्यत: आमजन/ यात्री से संबंधित सुविधाओ जैसे स्टेशन के एंट्री-एक्सिट, लिफ्ट, एस्कलैटर, प्रसाधन सुविधाएँ, कंट्रोल रूम इत्यादि निर्माण कार्यों के साथ-2 आंतरिक एवं बाहरी सौंदरीयकर्ण का निरीक्षण किया.